**<u>आवेदक नीचे दिए गए प्रोफार्मा में usmcell-justice-mha@nic.in और rk.katiyar@nic.in पर दिनांक 1 अप्रैल, 2023 तक अपने आवेदन प्रस्तुत करें</u>**

**<u>न्याय विभाग, भारत सरकार में संविदागत आधार पर वरिष्ठ परामर्शदाता/परियोजना अधिकारी की नियुक्ति के लिए शर्तें और निबंधन</u>**

**(i)-फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट स्कीम के लिए वरिष्ठ परामर्शदाता की आवश्यकता का विस्तृत ब्यौरा:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | वरिष्ठ परामर्शदाता |
| 2 | पदों की संख्या | 01 (एक) |
| 3. | तैनाती का स्थान | नई दिल्ली |
| 4 | भर्ती की पद्धति | खुले बाजार से संविदा के आधार पर |
| 5 | अवधि | कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 3 (तीन) वर्ष के लिए विशुद्धतः संविदा आधार पर, जिसे संतोषजनक कार्य निष्पादन पर विस्तारित किया जा सकता है। तथापि, संविदागत नियुक्ति होने के कारण, इस नियुक्ति को कोई कारण बताए बिना किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है। तथापि, सामान्य रूप में इसके लिए संबंधित वरिष्ठ परामर्शदाता को 1 माह का नोटिस देना अपेक्षित होगा। यदि वरिष्ठ परामर्शदाता इस नियुक्ति को छोड़ने का प्रस्ताव करता है/करती है, तो उसे भी 1 माह का नोटिस देना होगा। |
| 6 | पारिश्रमिक | रु. 1.0 लाख से रु.1.25 लाख- प्रति माह |
| 7 | वार्षिक वृद्धि | अभ्यर्थी के संतोषजनक कार्य निष्पादन के आधार पर 10% तक |
| 8 | शैक्षिक अर्हता | अनिवार्यः किसी भी विषय में स्नातक<br>वांछनीय: (i) विधि (एल. एल. एम.) में स्नातकोत्तर/एमबीए<br>(ii) एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर पॉइंट की उत्तम जानकारी। |
| 9 | अनुभव | अर्हता के बाद 4 वर्ष से अधिक का अनुभव। उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिन्हें संबद्ध/समान क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव होगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | कार्य का विवरण | . न्याय विभाग में संबंधित प्रभाग के लिए निर्धारित आवधिक लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायता करना।<br>. उसके लिए विस्तृत कार्यकलाप, सह कार्यकलाप और समय सीमा तैयार करना।<br>. मामलों को निपटाने के लिए, यदि कोई हो, राज्यों के विधि सचिवों और आरजी / उच्च न्यायालयों के नोडल अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की योजना बनाना और उसमें सहायता करना।<br>. परियोजना की गतिविधियों के कार्यान्वयन में तकनीकी इनपुट प्रदान करना, जिसमें अपेक्षित होने पर, पाठ्यक्रम सुधार भी शामिल है।<br>. प्रशिक्षण आयोजित करने, डाटा एंट्री तकनीकों और टूल किट आदि को उन्नत करने के तरीकों जैसे सभी कार्यकलापों में टीम को सहायता प्रदान करना।<br>. पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, भाषण, संकल्पना टिप्पणी, प्रेस रिलीज , केस समीक्षा आदि तैयार करने सहित विविध गतिविधियों के माध्यम से विभाग की सहायता करना।<br>. लक्षित श्रोताओं के मध्य प्रचार करने के लिए स्कीम को शामिल करने की पहलों के लिए मीडिया अभियान योजनाओ का मॉनिटर करना और उनको सशक्त करना।<br>. वार्षिक कार्य योजनाओं के विकास में नियमित और सामयिक सहायता प्रदान करना।<br>. संबंधित संयुक्त सचिव के अनुमोदन से अन्य कोई कार्य। |
| 11 | आयु सीमा | रिक्ति के प्रकाशन की तारीख को अधिकतम 40 वर्ष। |
| 12 | छुट्टी | वरिष्ठ परामर्शदाता वर्ष में यथा अनुपात आधार पर 12 दिन की छुट्टी का हकदार होगा। बिना वेतन के अतिरिक्त छुट्टी की अनुमति रिपोर्टिंग अधिकारी के अनुमोदन से दी जाएगी। |

**(ii)-ईकोर्ट परियोजना के लिए परियोजना अधिकारी की आवश्यकता का विस्तृत ब्यौरा:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | परियोजना अधिकारी |
| 2 | पदों की संख्या | 01 (एक) |
| 3. | तैनाती का स्थान | नई दिल्ली |
| 4 | भर्ती की पद्धति | खुले बाजार से संविदा के आधार पर |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | अवधि | कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 3 (तीन) वर्ष के लिए विशुद्धतः संविदा आधार पर, जिसे संतोषजनक कार्य निष्पादन पर विस्तारित किया जा सकता है। तथापि, संविदागत नियुक्ति होने के कारण, इस नियुक्ति को कोई कारण बताए बिना किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है। तथापि, सामान्य रूप में इसके लिए संबंधित परियोजना अधिकारी को 1 माह का नोटिस देना अपेक्षित होगा। यदि ऐसा परामर्शदाता इस नियुक्ति को छोड़ने का प्रस्ताव करता है/करती है, तो उसे भी 1 माह का नोटिस देना होगा। |
| 6 | पारिश्रमिक | रु. 80,000 प्प्रति माह (अस्सी हजार रुपये प्रति माह) |
| 7 | वार्षिक वृद्धि | अभ्यर्थी के संतोषजनक कार्य निष्पादन के आधार पर 10% तक |
| 8 | शैक्षिक अर्हता | अनिवार्यः किसी भी विषय में स्नातक।<br>वांछनीय: प्रतिष्ठित संस्थान से एमबीए/पीजीडीएम/एलएलबी<br>(ii) एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर पॉइंट की उत्तम जानकारी। |
| 9 | अनुभव | रिक्ति के प्रकाशन की तारीख में अर्हता के बाद 2 वर्ष से अधिक का अनुभव। उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिन्हें संबद्ध/समान क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव होगा। |
| 10 | कार्य का विवरण | परियोजना अधिकारी को ई कोर्ट एमएमपी में उच्च गुणवत्ता के इनपुट प्रदान करना अपेक्षित होगा जिसमें निम्नलिखित शामिल होगाः<br>● पीआईबी संकलन<br>● तकनीकी संकल्पना नोट<br>● एल आई एम बी एस<br>● ई कोर्ट एमएमपी की दैनिक प्रगति का मोनिट्रिंग<br>● प्रबंधन परिवर्तन करना<br>● विभिन्न उच्च न्यायालयों और ई समिति के सीपीसी से निकट संपर्क बनाए रखना<br>● रीइंजीनियरी की प्रक्रिया<br>● बैठक की कार्यसूची और कार्यवृत्त<br>● प्रेस नोट संबंधी रिपोर्ट<br>● सभी रिपोर्ट तैयार करना |
| 11 | आयु सीमा | रिक्ति के प्रकाशन की तारीख को अधिकतम 40 वर्ष। |
| 12 | छुट्टी | वरिष्ठ परामर्शदाता वर्ष में यथा अनुपात आधार पर 12 दिन की छुट्टी का हकदार होगा। बिना वेतन के अतिरिक्त छुट्टी की अनुमति रिपोर्टिंग अधिकारी के अनुमोदन से दी जाएगी। |

**वरिष्ठ परामर्शदाता (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट) और परियोजना अधिकारी (ईकोर्ट) के लिए अन्य सामान्य शर्तें:**

**क) चयन की प्रक्रियाः**

i.चयन जी एफ आर 2017 में दिए गए उपबंधों के अनुसार नियम 177 से 196 और प्रत्येक परामर्शदाता /सेवा प्रदाता का चयन के अध्याय-7 (पैरा 7.1 और 7.2) तथा परामर्श एवं अन्य सेवाओं की प्राप्ति नियम पुस्तक 2017 के अध्याय-6 ( पैरा 6.5) के तहत किया जाएगा।

ii. न्याय विभाग की आवश्यकता का विज्ञापन वेबसाइट और कम से कम एक समाचार पत्र में दिया जाएगा।

iii.प्राप्त आवेदनों को संबंधित स्कीम/परियोजना के उपसचिव/निदेशक स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता वाली स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष रखा जाएगा।

iv.चयनित सूची के आवेदनों को कंसलटेंसी मूल्यांकन समिति (सी ई सी) के समक्ष रखा जाएगा जिसके अध्यक्ष संबंधित स्कीम/परियोजना के संयुक्त सचिव होंगे।

iv.यह समिति पर्याप्त आवेदन प्राप्त करने के अधीन, प्रति रिक्ति तीन नामों का एक पैनल तैयार करेगी जिसमें दो व्यक्ति प्रतीक्षा सूची में होंगे। यह पैनल 1 वर्ष की अवधि तक वैध होगा।

vi.पैनल में अपनी रैंक के क्रम में चयनित अभ्यर्थी पर, उसकी इच्छा के होने पर , विभाग में रिक्त विशिष्ट पद के पारिश्रमिक पर परामर्शदाता/परियोजना अधिकारी के पद के लिए भी विचार किया जा सकता है।

**ख) सामान्यः** वरिष्ठ परामर्शदाता/परियोजना अधिकारी, न्याय विभाग की पूर्व मंजूरी अथवा अपने कार्यों के वास्तविक निर्वहन के मामले को छोड़कर,अपने स्वयं के नाम से अथवा गुमनाम रूप से अथवा छद्म नाम से कोई पुस्तक अथवा लेखों का संकलन प्रकाशित नहीं करेगा अथवा आकाशवाणी प्रसारण में भाग नहीं लेगा अथवा किसी लेख में योगदान नहीं करेगा अथवा किसी समाचार पत्र या पत्रिका में पत्र नहीं लिखेगा, यदि इस प्रकार की पुस्तक, लेख, प्रसारण अथवा पत्र न्याय विभाग द्वारा उसे सुपुर्द किए गए कार्य की विषय वस्तु से संबंधित है।

**ग) यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ताः**वरिष्ठ परामर्शदाता/ परियोजना अधिकारी को उसके कार्यों के संबंध में यथा अपेक्षित स्थानीय दौरों (डॉमेस्टिक टूर) पर जाने की अनुमति दी जाएगी जिसके लिए लेवल 12 के पूर्व संशोधित ग्रेड वेतन रु. 7600 (पूर्व संशोधित) आहरित करने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए यथा स्वीकार्य यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और होटल आवास व्यय का भुगतान किया जाएगा।

**घ) सेवा समाप्ति का नोटिस:**न्याय विभाग, नियुक्ति को, बिना कोई कारण बताए किसी भी समय निरस्त कर सकता है। तथापि, सामान्य मामले में, इसके लिए परामर्शदाता/परियोजना अधिकारी को 1 माह का नोटिस देना अपेक्षित होगा। यदि परामर्शदाता इस नियुक्ति को स्वत: छोड़ने का प्रस्ताव करता है/करती है तो उसे भी 1 माह का नोटिस देना होगा।

**ङ) शिथिलीकरण:** अपरिहार्य परिस्थितियों में और प्रतिभावान अभ्यर्थियों के मामले में.उपर्युक्त दिशानिर्देशों को सचिव, न्याय विभाग के अनुमोदन से शिथिल किया जा सकता है।

**च) सत्यापनः** वरिष्ठ परामर्शदाता/परियोजना अधिकारी का पुलिस सत्यापन गृह मंत्रालय द्वारा जारी मौजूदा अनुदेशों के अनुसार किया जाएगा।

**न्याय विभाग,भारत सरकार के कार्यालय में संविदा के आधार पर वरिष्ठ परामर्शदाता/ परियोजना अधिकारी के पद के लिए सीवी प्रारूप**

---------------------पद के लिए आवेदन

1. नाम:
2. पिता/माता का नामः
3. महिला/पुरुष:
4. जन्म तिथि :
5. राष्ट्रीयता:
6. वर्तमान डाक पता (डाकघर के कोड और पुलिस थाने के नाम सहित):
7. ईमेल आईडी:
8. संपर्क नंबर (दूरभाष):------------------- मो0----------------------
9. स्थायी पता:
10. शैक्षणिक अर्हता (स्नातक डिग्री और इससे ऊपर)
    (कृपया अपेक्षित होने पर पृथक शीट संलग्न करें।

| क्रमांक | पाठ्यक्रम/डिग्री | विषय (विशेषज्ञता) | विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | श्रेणी और प्राप्तांक का प्रतिशत | स्व प्रमाणित प्रतियों का अनुबंध ( हां/ हीं) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

11. कार्य का अनुभव (वर्तमान से लेकर पहले तक का)
(कृपया अपेक्षित होने पर पृथक शीट संलग्न करें)

| क्रमांक | संगठन/संस्थान का नाम | अवधि से/तक | कार्य का स्वरूप (कार्यों का संक्षिप्त विवरण) | स्वप्रमाणित प्रतियों का संलग्नक (हां/नहीं) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

12. ज्ञान/कौशल

- क्या आपने कभी सामाजिक विकास के क्षेत्र में भागीदारों के साथ जमीनी स्तर पर काम किया है यदि हां, तो कृपया किए गए कार्य की प्रकृति का विवरण दें।

- कंप्यूटर कौशलः

- ज्ञात भाषाः

- यथा निर्धारित अन्य कौशलः

13. संदर्भ: कृपया दो परिचित व्यक्तियों के नाम और संपर्क विवरण दें:

| क्रमांक | परिचित व्यक्ति का पूरा नाम | संगठन का नाम | संपर्क विवरण<br>(ईमेल आईडी और फोन नंबर) |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |

14. किन कारणों से आप यह सोचते हैं कि आप इस कार्य के लिए एक उत्कृष्ट उम्मीदवार हैं। कृपया कारणों को संक्षेप में (अधिकतम 1000 वर्ण) में बताएं।

15. घोषणा: प्रमाणित किया जाता है कि मैं------------------------------------ पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री --------------------------- निवासी------------------------------ जिला----------------------- राज्य-------------- का निवासी हूं मेरा किसी न्यायालय/प्राधिकृत निकाय में कोई लंबित प्रशासनिक और/अथवा आपराधिक मामला नहीं है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मुझे कभी भी किसी प्रशासनिक अपराध और/अथवा अपराध का दोषी नहीं पाया गया है/दोषी सिद्ध नहीं किया गया है। मैं यह भी प्रमाणित करता हूं कि मेरे द्वारा दी गई सभी जानकारी मेरी

अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं और यदि मेरा चयन और नियुक्ति हो जाती है, तो मैं अपने सभी दस्तावेज मूल रूप में प्रस्तुत कर दूंगा।

(हस्ताक्षर)

नाम:-------------------------

दिनांक----------------------

**सूचना और घोषणा की स्वप्रमाणित जांच सूची**

| क्रमांक | मद | हां/नहीं |
|---|---|---|
| 1 | डिग्री / प्रमाण पत्र के अनुसार पूरा नाम | |
| 2 | डाक पता  डाक पिन और पुलिस थाने के साथ | |
| 3 | ईमेल आईडी | |
| 4 | संपर्क का मोबाइल नंबर | |
| 5 | यथा निर्धारित शैक्षणिक अर्हता | |
| 6 | यथा निर्धारित कार्य अनुभव | |
| 7 | कौशल एवं ज्ञान यदि उपलब्ध हो | |
| 8 | शैक्षणिक अर्हता का स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र | |
| 9 | कार्य अनुभव का स्वप्रमाणित दस्तावेज | |
| 10 | दी गई सूचना की सत्यता के संबंध में स्व घोषणा | |